कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 16.04.2021

गर्ल्स कॉलेज में आजादी का अमृत महोत्सव

शासकीय डॉ वामन वासुदेव पाटनकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव श्रृंखला का आरम्भ किया गया। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार भारत की आजादी के 75 वर्षों का उत्सव **"आजादी का अमृत महोत्सव"** इस वर्ष मनाया जाना है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि ऐसे आयोजन छिपी प्रतिभाओं को निखरने का मौका देते हैं, जो छात्राएं मंच में उतरने में संकोच करती हैं वे इसमें खुल कर हिस्सा लेती है।

नोडल अधिकारी डॉ. ऋचा ठाकुर ने कहा की कोरोना विभीषिका के चलते इसे डिजिटल प्लेटफोर्म पर प्रारंभ किया जा रहा है। इसके प्रथम चरण में एकल गायन, एकल नृत्य एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गयी। एकल गायन और एकल नृत्य प्रतियोगिता देशभक्ति विषय पर रखी गयी वहीं चित्रकला का विषय मेरा भारत रखा गया।

एकल गायन स्पर्धा में प्रथम–नीलिमा सिरमौर (बीएससी–III), द्वितीय–परीना जॉर्ज (बीकॉम–II), तृतीय–पी.शिवानी(एमए–भूगोल) रहीं तथा विधि कौर (बीए–I) को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम–दीपिका साहू (बीए–I), द्वितीय–आंचल साहू (बीए–III), तृतीय–मेघा जोशी (बीए–II) एवं सांत्वना पुरस्कार काजल सोनी (बीए–II) और निकिता गुप्ता (बीएससी गृह विज्ञान–I)को प्राप्त हुआ।

चित्रकला स्पर्धा में प्रथम–रिया बारले (बीए–I), द्वितीय–कावेरी कुम्भकार (बीएससी–III) एवं तृतीय–मेघा जोशी (बीए–II) साथ ही सांत्वना पुरस्कार वैभवी चौबे (बीए–III) को दिया गया। छात्राओं ने इसमें बढ़चढ़ कर भाग लिया।

बीए अंतिम वर्ष की छात्रा आँचल साहू ने कहा कि इस वर्ष कोरोना के कारण कोई भी सांस्कृतिक गतिविधियों का संचालन नही हो पाया। जो भी कार्यक्रम हुए वे डिजिटली ही आयोजित किये गए।

प्रथम वर्ष की दीपिका ने कहा महाविद्यालय ने इस प्रतियोगिता की आयोजन कर हमें अपनी एकल प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान किया है।

वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी. सी. अग्रवाल ने इस आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। महाविद्यालय परिवार ने सभी विजेता छात्राओं की बधाई दी।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास. डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

आजादी का अमृत महोत्सव
Kiran Sonber
B.A. II

"मेरा - भारत"
Name - Kaveri
kumbhkar
(BSc - III)